an>

Title : Need to check the industrial waste and pollution caused by industrial factories in Ujjain Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

प्रो. चिंतामणि मालवीय (उज्जैन) ः मेरे संसदीय क्षेत्र में ग्रेसिम उद्योग ग्रुप में 17.11.2016 को दुर्घटना हुई जिसमें फैक्ट्री के मजदूर की मृत्यु जहरीले धुँए से हुई साथ ही इससे 10 मजदूर और भी प्रभावित हुए। ग्रेसिम उद्योग ग्रुप से निकल रहे मलबे से असहनीय दुर्गंध व प्रदूषण जन-जीवन के लिए हानिकारक होता जा रहा है। उक्त मलबा रासायनिक है। इसका सही तरीके से निपटारा न होने से यह स्वास्थ्य के साथ ही पर्यावरण के लिए भी खतरा है। कम्पनी में काम करने वाले कर्मचारी अनेक प्रकार के त्वचा संबंधी रोग, हृदय संबंधी बीमारियों व कैंसर जैसे रोगों से पीड़ित हैं। प्रत्येक माह इस फैक्ट्री में काम करने वाले श्रमिकों में से एक की मृत्यु इन रोगों से होती है। इतना ही नहीं इस फैक्ट्री में काम करने वाले श्रमिकों की सुरक्षा का भी ध्यान न रखने के कारण आये दिन श्रमिकों की दुर्घटनाओं में मृत्यु होती रहती है। इससे उत्पन्न प्रदूषण से उज्जैन जिले में क्षिप्रा तथा चंबल नदी प्रदूषित है। चंबल नदी पर ही आश्रित यह इकाई इसी नदी में अपना प्रदूषित जल बहा रही है। प्रदूषण के चलते चंबल नदी न केवल उज्जैन बल्कि मुरैना व भिंड जिलों को भी प्रदूषित कर रही है।

मैं सरकार से मांग करता हूँ कि रसायन, पर्यावरण एवं श्रम मंत्रालयों की एक संयुक्त जाँच समिति गठित कर इसकी उचित जाँच करवायी जाये तथा दोषियों को उचित दंड दिया जाये।